>

Title: Regarding resumption of train services and setting up of solar panels at the railway station Hanumangarh, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): धन्यवाद, सभापति महोदया ।

सभापति महोदया, मैं राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से आता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र में श्रीगंगानगर के अलावा हनुमानगढ़ जिला भी है और हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय है । मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले हनुमानगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन पर सोलर ऊर्जा पैनल स्थापित करने की बहुत आवश्यकता है । यह जिला मुख्यालय एक रेलवे हब के रूप में विकसित हो सकता है । यहां से बहुत सी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन्स चलती हैं और यहां से बठिंडा की दूरी करीब 80 किलोमीटर है । यहां पर वाशिंग लाइन है और पर्याप्त जगह है ।

सभापति महोदया, हनुमानगढ़ में रेलवे की करीब 300 एकड़ भूमि है, जिस पर कब्जा हो रहा है । मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि वाशिंग लाइन के लिए 300 एकड़ भूमि पर्याप्त है, इसलिए वहां पर एक वाशिंग लाइन लगाई जाए । वहां सोलर पैनल स्थापित करने से सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा और यह रेलवे स्टेशन एक ग्रीन रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित हो जाएगा ।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि कोरोना काल में मेरे संसदीय क्षेत्र में जितनी ट्रेन्स बन्द हुई हैं, उनमें से काफी ट्रेन्स चालू हो गई हैं और काफी ट्रेन्स आज भी बन्द पड़ी हैं । आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि वे सारी ट्रेन्स पुन: बहाल की जाएं, ताकि रेल यात्रियों, मजदूरों, किसान वर्ग और सेना के जवानों, आदि सभी यह को सुविधा मिल सके, क्योंकि हम लोग बॉर्डर पर रहते हैं और वहां पर सेना का काफी आना-जाना होता है । धन्यवाद ।